हिन्दुस्तान epaper

ओला यूपी में बनाएगी ई-व्हीकल हब

20/05/2022

• आनंद सिन्हा

- एक हजार एकड़ में बनेगा हब,10 हजार करोड़ निवेश
- प्रत्यक्ष-अप्रत्यक्ष तौर पर 80 हजार रोजगार मिलेंगे

लखनऊ। प्रदेश में तेजी से बन रहे एक्सप्रेस वे और निवेश के सुलभ अवसरों का फायदा उठाते हुए विश्व प्रसिद्ध कंपनी ओला इलेक्ट्रिक अब यूपी में पैर जमाने की तैयारी में है। जी हां, ओला यूपी में ई-स्कूटर के साथ ही ई-कार का निर्माण करेगी। कंपनी ने वाराणसी के आसपास करीब 1000 एकड़ जमीन प्रदेश के औद्योगिक विकास विभाग से मांगी है। इस हब के स्थापित होने के बाद प्रदेश के करीब 80 हजार युवाओं को प्रत्यक्ष व अप्रत्यक्ष रोजागर मिलने की उम्मीद है।

ओला इलेक्ट्रिक के सीईओ भाविश अग्रवाल इन दिनों प्रदेश सरकार के संपर्क में हैं। उन्होंने यूपी में निवेश पर रुचि दिखाते हुए औद्योगिक विकास विभाग से संपर्क किया है। दरअसल, ओला कंपनी ई-स्कूटर का निर्माण कर रही है। औद्योगिक विकास विभाग के अनुसार भाविश अग्रवाल जल्द ही मुख्यमंत्री से मिलकर प्रस्ताव रखेंगे। कंपनी वाराणसी के आसपास 100 किमी के दायरे में 1000 एकड़ जमीन चाहती है। कंपनी यहां अपने ई-स्कूटर के साथ ही ई-कार बनाने पर भी विचार कर रही है। इस संबंध में औद्योगिक विकास आयुक्त अरविंद कुमार व अपर मुख्य सचिव एमएसएमई नवनीत सहगल ने गुरुवार को कंपनी के अधिकारियों के वीडियो कांफ्रेंसिंग कर मंथन किया।

नवनीत सहगल ने बताया कि कंपनी इस परियोजना में 10 हजार करोड़ रुपये का निवेश करेगी। इसके जरिये करीब 80 हजार युवाओं को रोजागर प्रत्यक्ष व अप्रत्यक्ष रोजगार मुहैया कराया जाएगा। परियोजना के लिए वाराणसी, चंदौली, जौनपुर, मिर्जापुर आदि जिलों में जमीन की तलाश की जा रही है। आपसास के हजारों लोगों को रोजगार मिलेगा। साथ ही सहयोगी इकाइयां भी स्थापित होंगी। इसके लिए कंपनी के सीईओ जल्द ही मुख्यमंत्री से मुलाकात कर सभी प्रस्ताव रखेंगे। उन्हें औद्योगिक विकास विभाग से समन्वय कर सभी छूट आदि दिलाई जाएंगी।